छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग

वार्षिक प्रतिवेदन

2010-11

मान. डॉ. रमन सिंह
मुख्यमंत्री
छ.ग. शासन

मंत्रालय
रायपुर, छत्तीसगढ़
MANTRALAYA
RAIPUR CHHATTIGARH
Ph. (O) 0771-2221000-01
Fax : 0771-2221306
Ph. (R) 0771-2331000-01

संदेश

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का नवीन वार्षिक प्रतिवेदन राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सार्थक पहल एवं रचनात्मक कार्यों का ब्यौरा हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतू जो कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं उसके प्रति समाज में जागरुकता का वातावरण बनाने में आयोग अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

पिछड़ा वर्ग आयोग अपने गठन के उद्देश्य के प्रति गंभीर एवं सजग रहते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग के सजग प्रहरी के रुप में शासन के साथ अपनी सार्थक पहल के क्रियान्वयन में अपनी रचनात्मक सक्रियता को जीवन्त रखे । आयोग के सृजनात्मक-दूरदर्शी कार्यो को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करने हेतू छत्तीसगढ़ शासन कृत्त संकल्पित है ।

प्रतिवेदन के सफल प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएँ ।

डॉ. रमन सिंह

केदार कश्यप

मंत्री

छ.ग. शासन

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, विकास, विभाग

एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

अर्द्ध. शास. पत्र क्र. 341

निवास : सी-3, फारेस्ट कालोनी,

राजातालाब, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : (नि.) 2331032, 2331033

कार्यालय : 4080906, 2221106

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अपना चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन प्रकाशन करने जा रहा है।

अन्य पिछड़ा वर्ग बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में आयोग द्वारा राज्य के पिछड़ा वर्गों के कल्याण हेतु किये गये कार्य का प्रयास अभिनव है ।

शुभकामनाओं सहित....।

(केदार कश्यप)

मंत्रालयः कक्ष क्र. 350, डी.के.एस. भवन,
मंत्रालय, रायपुर (छ.ग.)
निवास : D-7, शंकर नगर, रायपुर
दूरभाष : 0771-4025526 (कार्या.)
: 0771-4042205 (नि.)

महेश गागड़ा
संसदीय सचिव
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, छत्तीसगढ़

संदेश

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा प्रकाशित किये जा रहे चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन के प्रकाशन पर मेरी हार्दिक शुभकामानएं ।

मैं आशा करता हूं कि पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा प्रकाशित प्रतिवेदन के माध्यम से पिछड़ा वर्ग के हित में किये जा रहे कार्यों की जानकारी अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को प्राप्त होगी जो उनके लिये सार्थक सिद्ध होगी ।

प्रतिवेदन के सफल प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएँ ।

(महेश गागड़ा)

मनोज कुमार पिंगुआ
भा.प्र.से.
सचिव

छत्तीसगढ़ शासन
आ.जा एवं अनु. जा. विकास विभाग
202, मंत्रालय रायपुर, छत्तीसगढ़
दूरभाष : 0771-4268362 (कार्या.)
फैक्स : 0771-2221202 (कार्या.)
0771-2583949 (नि.)
E-mail : manojpingua@gmail.com

संदेश

छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग के चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन के प्रकाशन पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं । राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, राज्य के अन्य पिछड़े वर्ग समाज के लिए एक सजग हित प्रहरी की भूमिका का सार्थक निर्वहन कर रहा है । आयोग द्वारा जन-कल्याणार्थ के हित में प्रसारित विभिन्न नियम, उपनियम एवं शासन के आदेशों का व्यापक स्तर पर प्रसार करना सराहनीय पहल है ।

राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग समाज में जागरुकता का वातावरण निर्मित करने व अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति विषयक अनेक जातियों के मात्रात्मक एवं उच्चारण संबंधी त्रुटियों में आवश्यक सुधार करने तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के हितार्थ संचालित विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में यह वार्षिक प्रतिवेदन एक महत्वपूर्ण संग्रह सिद्ध होगा।

यह हर्ष का विषय है कि, आयोग अपने अल्प समय में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के हितार्थ कार्यों के प्रति निरंतर अग्रसर एवं उत्साहित है ।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ.....!

भवदीय

(मनोज कुमार पिंगुआ)

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनु. जाति पिछड़ा वर्ग
एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग
रायपुर (छ.ग.)

संदेश

छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग के चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन के प्रकाशन पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं । मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि, नवगठित राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर ने अपना चतुर्थ कार्यकाल पूर्ण कर लिया है । प्रतिवेदन में समाहित विषय सामाग्री अन्य पिछड़े वर्ग हेतु बहु उपयोगी सिद्ध होगी ।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ...!

एम.एस. परस्ते

एल.आर. कुर्रे
सदस्य सचिव
छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग

कार्यालय :
छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग
21-सी, रविनगर, कलेक्ट्रेट के पीछे,
रायपुर (छ.ग.)
कार्यालय : 0771-2420352

प्राक्कथन

- राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अपने गठनोपरांत अपने मूल उद्देश्य के क्रियान्वयन हेतु कृत-संकल्पित रहा है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का यह चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुझे इस बात का संतोष है कि, आयोग अपनी निर्धारित सीमाओं के अन्तर्गत राज्य के अन्य पिछड़े वर्ग समुदाय के हितों के प्रति सदैव सजग रहते हुए अपने दायित्वों के निर्वहन का पालन सच्चे मन से करता रहा है।
- छ.ग. राज्य के गठनोपरांत 31 मार्च 2011 तक राज्य की 17 जातियाँ अन्य पिछड़ा वर्ग जातियों की अनुसूची में सम्मिलित की जा चुकी है, जिनका विवरण इस प्रतिवेदन में दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा 31 मार्च 2011 तक किए गए संशोधन का समावेश करके सम्मिलित की गई पिछड़े वर्ग जातियों की संशोधित सूची का विवरण भी इस प्रतिवेदन में प्रकाशित की जा रही है।
- भारत शासन के केन्द्रीय सूची में सम्मिलित छ.ग. राज्य के अन्य पिछड़े-वर्गों में सम्मिलित जातियों/ समुदाय की सूची (जो कि भारत के राजपत्र के असाधारण भाग-1, खण्ड-1 में 18 अगस्त 2010 में प्रकाशित हुई है) का उल्लेख इस वार्षिक प्रतिवेदन में विशेष रुप से किया है।
- प्रस्तुत प्रतिवेदन में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा जारी उन दिशा-निर्देशों व पत्रों का समावेश किया गया है जो कि समय-समय पर अन्य पिछड़ा वर्गों के हितार्थ जारी हुए है। अन्य पिछड़े वर्गों में क्रीमीलेयर के प्रति राज्य शासन के निर्धारित मापदण्ड एवं आयोग के सुझावोपरांत क्रीमीलेयर के वेतन / संपत्ति निर्धारण करने के लिए आय गणना संबंधित पत्र का भी उल्लेख इस प्रतिवेदन में किया गया है।
- प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का सामान्य परिचय एवं आयोग के गठनोपरांत निराकृत शिकायतों का वर्षवार सांख्यिकीय विवरण एवं आयोग के प्रमुख अनुसंधान तथा भ्रमण कार्यक्रम का भी ब्यौरा दिया जा रहा है। वार्षिक प्रतिवेदन को बहोपयोगी बनाने के उद्देश्य से इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग के हितार्थ शासन द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं का विवरण एवं जाति प्रमाण पत्र सत्यापन की प्रक्रिया एवं पिछड़ा वर्ग की अनुसूची में नवीन जाति के रुप में सम्मिलित होने हेतु राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पत्र का प्रारुप आदि अन्य उपयोगी तथ्यों को इस वार्षिक प्रतिवेदन का हिस्सा बनाया गया है।
- छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम 1995 के अध्याय 4 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अपना चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2010-11 प्रस्तुत कर रहा है।

एल.आर. कुर्रे

छत्तीसगढ़
राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग
रायपुर

चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन

1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 तक

21, रविनगर, कलेक्ट्रेट के पीछे, रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन : 0771- 2420352

अनुक्रमणिका

भाग-एक :

01. पिछड़ा वर्ग आयोग : एक परिचय
02. छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन
03. छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अमला

भाग-दो :

01. अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित केन्द्र एवं राज्य शासन के जारी पत्र / दिशा-निर्देश
02. छत्तीसगढ़ राजपत्र में अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों के संदर्भ में प्रकाशित राज्य शासन के आदेश

भाग-तीन :

01. अन्य पिछड़े वर्ग में क्रीमीलेयर के प्रति राज्य शासन के निर्देश एवं निर्धारित मापदण्ड
02. अन्य पिछड़े वर्गों में से क्रीमीलेयर हेतु वेतन / सम्पत्ति निर्धारण करने के लिए आय गणना सम्बन्धित पत्र

भाग-चार :

01. भारत शासन के केन्द्रीय सूची में सम्मिलित छ.ग. राज्य के अन्य पिछड़े वर्गों की जातियाँ/समुदाय
02. राज्य शासन की अनुसूची में सम्मिलित अन्य पिछड़े वर्गों की जातियाँ/समुदाय (नाम/परम्परागत व्यवसाय/ कैफियत)

भाग-पाँच :

01. पिछड़ा वर्ग की अनुसूची में नवीन जाति के रुप में सम्मिलित होने हेतु राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पत्र का प्रारुप
02. जाति प्रमाण पत्र सत्यापन क्यों एवं कैसे
03. जाति प्रमाण पत्र वैधता परीक्षण हेतु प्रपत्र का प्रारुप

भाग-छह :

01. अन्य पिछड़ा वर्ग के समग्र हितार्थ हेतु शासन द्वारा संचालित प्रमुख योजनाएं

भाग-सात :

01. वर्ष 2010 से 31 मार्च 2011 तक अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित नवीन जातियों का विवरण
02. छ.ग. निर्माण के उपरांत आयोग द्वारा निराकृत शिकायतों का विवरण वर्षवार शिकायतों का निपटारा
03. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 2010-11 में निराकृत प्रमुख प्रकरणों का विवरण
04. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा प्रेषित प्रमुख सुझाव/ अनुशंसाएं , भ्रमण एवं अनुसंधान कार्य

भाग-आठ :

01. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का बजट
02. राष्ट्रीय एवं विविध राज्य स्तरीय पिछड़ा वर्ग आयोग का पता एवं दूरभाष नं.

भाग-1

01. पिछड़ा वर्ग आयोग एक परिचय

भारतीय समाज के गठन में अन्यान्य कारणोंवश समाज के अनेक वर्ग न्यायसम्मत व समतापूर्ण व्यवस्था से वंचित रहने के कारण शताब्दियों से उपेक्षित एवं विकास की धारा से विलग रहे। भारतीय गणतंत्र की स्थापना के उपरांत एक समतामूलक व बंधुत्वपूर्ण समाज की स्थापना करने की दिशा में न्यायसम्मत प्रयास प्रारंभ हुए। इसी परिप्रेक्ष्य में समाज के इस कमजोर वर्ग की कड़ी को विशेष रुप से सूचीबद्ध किया गया एवं उनके उत्थान व कल्याण हेतू विशेष व्यवस्थाएँ की गई।

भारतीय संविधान के अनुच्छेप 340 (1) के अंतर्गत पिछड़े वर्ग को परिभाषित करने की बात कहीं गई एवं राष्ट्रपति से एक आयोग गठन की अपेक्षा की गई और आयोग के सुझावों उपरांत पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए विशेष कार्य की जाएं। इसके परिपालन हेतु भारत शासन ने सर्वप्रथम मार्च 1953 में काका कालेलकर कमीशन की नियुक्ति की। दो वर्ष के परिश्रम के पश्चात् मार्च 1955 में काका कालेलकर कमीशन ने अपनी रिपोर्ट भारत शासन को प्रस्तुत की। इस आयोग ने उस समय देश की लगभग 2300 जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करने के लिए सूची तैयार की। इस प्रकार देश में अनेक राज्यों की सरकारो ने अपने राज्य में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया और आयोग के सुझावों के अनुरुप अन्य पिछड़ा वर्ग के जनकल्याण हेतु समुचित व्यवस्थाएं करनी प्रारंभ की।

राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी सिफारिशों में विशेष रुप से शिक्षा में सुविधा तथा नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था लागू करने की बात रखी। सर्वप्रथम काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट पर भारतीय संसद में समय-समय पर बहस होती रही किन्तु पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर कोई विचार नहीं हुआ। 31 दिसम्बर 1978 को पुनः मण्डल कमीशन की नियुक्ति की गई। मण्डल कमीशन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मण्डल कमीशन के प्रतिवेदन पर अगस्त 1990 तक कोई विचार नहीं किया गया। वर्ष 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मण्डल आयोग की सिफारिशों को मानते हुए पिछड़े वर्गों को 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा 08

अगस्त 1990 को की और 13 अगस्त 1990 को विधिवत आदेश जारी किया गया। इस आदेश के विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन हुए और दिल्ली की श्रीमती इंदिरा साहने एवं अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में अपील भी दायर की। केन्द्र सरकार भंग होने के बाद 25 सितम्बर 1991 को मूल आदेश में संशोधन करते हुए पिछड़े वर्गों को 27 प्रतिशत आरक्षण एवं आर्थिक रुप से पिछड़े वर्ग एवं अन्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया।

इंदिरा साहने एवं अन्य के अपील पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 16.12.1999 को आदेश पारित किया। जिसके तहत 10 प्रतिशत आर्थिक आधार आरक्षण (संविधान में प्रावधान न होने पर) को निरस्त करते हुए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तक रखे जाने के निर्देश के साथ पिछड़े वर्गों को आरक्षण की प्राथमिकता दिया गया एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया की आर.एन. प्रसाद कमेटी द्वारा सम्पन्न वर्ग की पहचान बनायी जाए, तथा यह भी निर्देश दिया की पिछड़ा वर्ग के सतत् पहचान एवं खोज-बीन तथा निष्कासन की कार्यवाही वैज्ञानिक आधार पर होती रहे इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकार अपने यहां स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग गठित करें इसके परिपालन में मध्यप्रदेश पुर्नगठन निमय 2000 की धारा 79 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया। ज्ञातव्य हो कि छत्तीसगढ़ राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को 14 प्रतिशत आरक्षण वर्तमान में प्राप्त है।

02. छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन

अविभाजित मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बी.पी. मंडल ने राज्य के पिछड़े वर्ग की दशा का अध्ययन करने के उपरांत कहा कि राज्य में पिछड़े वर्ग की दशा अत्यन्त दयनीय है। शैक्षणिक एवं सामाजिक रुप से अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों का भी उत्थान कार्य किया जाना आवश्यक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस गंभीर सुझाव के उपरांत 5 सितम्बर 1980 को अविभाजित मध्यप्रदेश राज्य में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया जिसके प्रथम अध्यक्ष श्री रामजी महाजन जी थे। यह आयोग उस समय 9 सदस्यीय बनाया गया था।

1 नवम्बर 2000 को छ.ग. राज्य की स्थापना हुई। देश का 26वाँ राज्य छत्तीसगढ़ अविभाजित मध्यप्रदेश को बांटकर बनाया गया। नवीन राज्य को अपनी स्थापना कार्य को सुव्यवस्थित करने में कुछ वर्ष लगे तदोपरांत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हितैषी डॉ. रमन सिंह ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की घोषणा की। इस प्रकार छत्तीसगढ़ में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक स्वरुप देने के लिए 02 दिसम्बर 2002 को अधिनियम के प्रावधान के अनुसार छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन जनवरी 2007 में किया गया जिसमें माननीय नारायण चंदेल आयोग के प्रथम अध्यक्ष नियुक्त किये तथा आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, विभाग को आयोग में शासकीय सदस्य पदस्थ किया गया। छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग के नाम से अधिनियम के अधीन प्रयुक्त शक्तियों का प्रयोग तथा सौंपे गये कार्यों का पालन करने हेतु शासकीय एवं अशासकीय सदस्य जिनमें अध्यक्ष शामिल है नियुक्त किये गये।

22 दिसम्बर 1983 को महाजन आयोग ने तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन के समक्ष 82 वर्ग/जाति/समूह को पिछड़ा वर्ग के रुप में मान्यता प्रदान करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की। **इस सूची में कतिपय संशोधन करते हुए 05. अप्रैल 1997 को पिछड़ा वर्ग जाति/उपजाति/वर्ग समूह की संशोधित सूची प्रकाशित की गयी।** जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ में पिछड़ें वर्गों की आधारभूत सूची मानकर अपनी कार्यवाही कायम की।

छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय डी.के.एस. भवन रायपुर के आदेश क्रमांक 413/ 1560/07/25-2/आ.जा.वि. शासन के आदेश द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम 1995 अध्याय दो की कंडिका तीन द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए **श्री नारायण चंदेल,** जांजगीर-चाम्पा को

अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा 23.01.2007 को आयोग के प्रथम अध्यक्ष के रुप में कार्य भार ग्रहण किया गया।

छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रथम अध्यक्ष/ सदस्यों की नियुक्ति एवं कार्यकाल

क्र.	पद	नाम	वर्ष	पद ग्रहण दिनांक	त्यागपत्र स्वीकृति दिनांक
1.	मान. अध्यक्ष	श्री नारायण चंदेल	2007-08	23.01.07	30.10.08
2.	मान. सदस्य	श्री लोचन पटेल	2007-08	14.12.07	24.12.08
	-''-	डॉ. गणेश सिंह कौशिक	2008-09	03.03.08	24.12.08
	-''-	श्री नंदकुमार साहू	2008-09	10.03.08	31.10.08
	-''-	डॉ. सोमनाथ यादव	2008-09	10.03.08	24.12.08
	-''-	श्री देवेन्द्र जायसवाल	2008-09	10.03.08	24.12.08
	-''-	श्री प्रहलाद रजक	2008-09	11.03.08	24.12.08

विशेष उल्लेखनीय कि वर्तमान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रथम अध्यक्ष श्री नारायण चंदेल वर्तमान में जांजगीर-चांपा क्षेत्र के विधानसभा प्रतिनिधि एवं छ.ग. राज्य विधानसभा के उपाध्यक्ष पर सुशोभित है साथ ही राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंदकुमार साहू वर्तमान में रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि है।

03. छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग का अमला

छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिनियम 1995 के अध्याय 2 के धारा 5 के अन्तर्गत राज्य सरकार आयोग का एक सचिव नियुक्त करेगी तथा ऐसे अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यवस्था करेगी जो कि आयोग के कृत्यों के दक्षतापूर्ण पालन के लिए आवश्यक है।

इस तरह छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रथम कार्यकाल में अध्यक्ष सहित सात सदस्य नियुक्त हुये। छ.ग. शासन के आदेश क्र./25-2/ आजाकवि/ 2006 रायपुर, दिनांक 14 जून, 2006 को राज्य शासन द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, रायपुर हेतु पद संरचना स्वीकृत करते हुए निम्नानुसार कुल 12 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई :-

क्र.	पदनाम	वेतनमान	स्वीकृत पदों की संख्या	कार्यरत / रिक्त		रिमार्क
				भरे	रिक्त	
1.	सचिव	8000-13500	01	01	-	नियमित
2.	सहा. अनु. अधिकारी	8000-13500	01	01	-	नियमित
3.	निज सचिव	6500-10500	01	01	-	नियमित
4.	निज सहायक	5500-9000	02	02	-	नियमित
5.	सहायक ग्रेड-02	4000-6000	01	01	-	नियमित
6.	सहायक ग्रेड-03	3050-4590	02	02	-	नियमित
7.	भृत्य	कले. दर पर	04	04	-	कले. दर पर

छत्तीसगढ़ शासन के आदेश क्र. एफ-19-30/ 25-1 2008, दिनांक 21.06.2010 को स्वीकृत सेटअफ में अतिरिक्त 3 पदों की स्वीकृति प्रदान की गयी :-

क्र.	पदनाम	वेतनमान	स्वीकृत पदों की संख्या	कार्यरत / रिक्त		रिमार्क
				भरे	रिक्त	
1.	डाटा एण्ट्री ऑपरेटर	5200-20200	01	01	-	नियमित
2.	वाहन चालक	5200-20200	01	01	-	नियमित
3.	चौकीदार	4750-7440	01	01	-	नियमित

भाग-2

01. अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित केन्द्र एवं राज्य शासन के जारी पत्र / दिशा-निर्देश

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग,
मंत्रालय दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्रमांक -/2003/1-3 रायपुर, दिनांक 22.07.2003

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, बिलासपुर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत,
छत्तीसगढ़

विषय :- अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के संबंध में।

सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-2/96 आ.प्र./एक दिनांक 12 मार्च, 197 में पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए है। इन निर्देशों का कंडिका '6' एवं '13' में निम्नानुसार उल्लेख है :-

6. जाँच के आधार बिन्दु -जांचकर्ता अधिकारी आवेदक के निवास, स्थायी पता, राजस्व रिकार्ड, अचल संपत्ति आवेदक के परिवार का व्यवसाय, मतदाता सूची में नाम या अन्य साक्ष्य, जो कि वहां के स्थायी निवास तथा जाति सिद्ध करने में सहायक हो, प्राप्त करेंगे उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वहां के रहने वाले राजपत्रित अधिकारी की भी राय ली जा सकती है, ग्रामीण क्षेत्र की पंचायते तथा शहरी क्षेत्र के नगर निकाय, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अभिलेख इन संस्थाओं की राय को भी साक्ष्य माना जायेगा परंतु प्रमाण-पत्र जारी करने के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी का व्यक्तिगत दायित्व होगा कि उक्त साक्ष्य से या अन्य सभी तरीके से वे सुनिश्चित करें कि जिस व्यक्ति को यह प्रमाण-पत्र दिया जा रहा है, (मध्य प्रदेश) छत्तीसगढ़ का निवासी है और दिनांक 26 दिसम्बर 1984 को यह उसके पूर्व (मध्य प्रदेश) छत्तीसगढ़ राज्य में प्रवजन कर चुका है।

13. प्रवजन अंर्राज्यीय प्रवजन-

(अ) जहां कोई व्यक्ति एक राज्य से दूसरे राज्य में प्रवजन करता है, तो वह केवल उस राज्य के बारे में ही पिछड़ा वर्ग का सदस्य माना जाएगा, जिससे मूल रुप से संबंध हो अथवा पिछड़े वर्ग के संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 26.12.1984 को या इसके पूर्व राज्य में प्रवजन कर चुका है।

(ब) यदि पिछड़ा वर्ग का सदस्य कहीं अन्यत्र प्रवजन करता है और वह जाति/ जनजाति उस प्रदेश की अधिसूचित सूची में नहीं है तो उसे जाति प्रमाण-पात्र प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी।

उपरोक्त प्रावधान से यह स्पष्ट है कि पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए 26 दिसम्बर 1984 की स्थिति में जांच की जाना है।

2. शासन को लगातार शिकायते प्राप्त हो रही है कि जाति प्रमाण-पत्र जारी करने वाले अधिकारियों द्वारा वर्ग के जाति समूहों से भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों की भांति वर्ष 1950 के आधार पर अभिलेख की मांग/जांच को आधार बनाया जा रहा है।

3. अतः समस्त कलेक्टरों को निर्देशित किया जाता है कि वे स्वयं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व). तहसीलदारों एवं नायाब तहसीलदारों की तत्काल बैठक लेकर यह सुनिश्चित करें कि पिछड़ा वर्गों के लिए जाति प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु 26 सितम्बर 1984 की निर्धारित तिथि का पूर्णतः पालन करें।

(पंकज द्विवेदी)
प्रमुख सचिव
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ.क्रमांक -/2003/1-3, रायपुर, दिनांक 22.07.2003

प्रतिलिपि :-

01. राज्यपाल के सचिव, छत्तीसगढ़, रायपुर।
02. सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा, रायपुर।
03. रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय, बिलासपुर, छत्तसीगढ़।
04. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तसीगढ़, रायपुर।
05. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर।
06. उपसचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, उच्च न्यायालय परिसर, बिलासपुर।
07. प्रमुख सचिव/संयुक्त सचिव/ उपसचिव सामान्य प्रशासन विभाग।
08. आयुक्त, जन सम्पर्क, रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(विलियम कुजूर)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
समस्त प्रशासन विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्रमांक एफ 13-4/2008/1-3 रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल, 2007

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, छ.ग. राजस्व मंडल, बिलासपुर
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

विषय : - **अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उम्मीदवारों के दावों का सत्यापन।**

कई बार अपात्र/ गैर अनुसूचित जाति/ गैर अनुसूचित जनजाति/गैर अन्य पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों द्वारा झूठे / नकली जाति समुदाय प्रमाण पत्रों के आधार पर सरकार के अधीन आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति प्राप्त कर ली जाती है, जिसके कारण वास्तविक अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को संवैधानिक लाभ से वंचित होना पड़ता है। यह स्थिति उचित नहीं है।

अतः इस संबंध में भारत सरकार कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) के परिपत्र क्रमांक 36022/1/2007-स्थापना (आरक्षण) दिनांक 20 मार्च 2007 की फोटोप्रति उचित कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

संलग्न- उपरोक्तानुसार।

(एस.आर. सेजकर)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

भारत सरकार

कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 20 मई, 2007

सेवा में,

सभी राज्यों / संघ शासित प्रदेशों के
मुख्य सचिव।

विषय : - अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उम्मीदवारों के दावों का सत्यापन।

महोदय,

इस विभाग की जानकारी में यह बात लायी गई है कि कुछ व्यक्ति झूठे/ नकली जाति समुदाय प्रमाण-पत्रों के आधार पर सरकार के अधीन अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति प्राप्त कर लेते हैं। यह एक गंभीर मामला है जिसको केवल राज्य सरकारों के सहयोग से ही नियंत्रित किया जा सकता है।

2. इस विभाग द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार, नियुक्ति प्राधिकारी से यह आपेक्षा की जाति है कि वे अ.जा./ अ.ज.जा/अ.पि.वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर प्रारंभिक नियुक्ति करते समय संबंधित प्राधिकारी, उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए जाति/समुदाय प्रमाण पत्र की वैधता सत्यापित करने का संबंधित जिला प्राधिकारी से अनुरोध करता है। कई बार जिला प्राधिकारी इस कार्य में अनुचित रुप से लम्बा समय लगा देते हैं। जहां समय-सीमा के भीतर सत्यापन पूरा नहीं हो पाता, उम्मीदवार को उनकी जातीय स्थिति का सत्यापन लंबित रहने पर भी अनंतिम आधार पर नियुक्त कर दिया जाता है। जिला प्राधिकारी से समुचित उत्तर के अभाव में ऐसे कुछ उम्मीदवार झूठे / नकली प्रमाण-पत्रों के आधार पर पद पर कार्य करते रहते है। कुछ उम्मीदवारों द्वारा जिला स्तर पर बेइमान कर्मचारियों से सांठ-गांठ के अवसरों को भी नहीं नकारा जा सकता।

3. मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निर्देश हुआ है कि आप उक्त प्रणाली को कारगर बनाने की व्यवस्था करें ताकि ऐसे बेईमान लोगों को अ.जा/अ.ज.आ./ अ.पि.व. के नहीं है, झूठे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करके अ.जा/अ.ज.आ./ अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षित रोज़गारों को हासिल करने से रोका जा सके। उचित होगा कि आप जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों/जिला कलेक्टरों/ जिला उप-आयुक्तों को इस आशय के अनुदेश जारी कर दें कि वे अपने स्तर पर यह सुनिश्चित कर एक माह के भीतर इसकी सूचना नियुक्ति प्राधिकारी को दे दें। झूठे/नकली प्रमाण-पत्र रखने वाले उम्मीदवारों तथा जिला स्तर अथवा उप जिला स्तर के कर्मचारियों के बीच सांठ-गांठ को समाप्त करने हेतु ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई आरंभ की जाए जो कि ऐसे मामलों में जातीय स्थिति का सत्यापन समय पर करने में असफल रहते हैं अथवा झूठे प्रमाण-पत्र जारी करते हैं।

भवदीय,

(आर.रामानुजम)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्र. - एफ 13-3/आ.प्र./2008/1-3 रायपुर, दिनांक 12 जून, 2008

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, छ.ग. राजस्व मंडल, बिलासपुर
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त कलेक्टर्स,
छत्तीसगढ़

विषय : - अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ भेदभाव नहीं किये जाने के संबंध में ।

संदर्भ :- इस विभाग का परिपत्र क्र. एफ 14-7/2003/1-3 दिनांक 06.08.2003

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति /एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों में उदारता, सद्भावना पूर्वक कार्यवाही की अपेक्षा संदर्भित परिपत्र में की गई है। शासन के ध्यान में यह बात लायी गयी है कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है। अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि सेवा संबंधी मामलों में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति /एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के अधिकारियों/कर्मचारियों को गलती किये जाने पर भी सर्वप्रथम समझाईश दिया जाकर उनकी कार्य पद्धति में सुधार लाने का प्रयास किये जाये तत्पश्चात् भी यदि सुधार नहीं होता है तो उन्हें चेतावनी दी जाये। उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही, गोपनीय प्रतिवेदनों में प्रतिकूल टिप्पणियाँ, कोई ठोस आधार हों तो ही पूर्ण विचारोपरान्त की जाएं।

2. शासन द्वारा पुनः यह भी अपेक्षा की जाती है कि इन वर्गों के कर्मचारियों/अधिकारियों को प्रशासनिक आधार पर बार-बार स्थानांतरित नहीं किया जाए तथा महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थापना करते समय भी इन वर्गों के कर्मचारियों/अधिकारियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभावपूर्ण कृत्य/व्यवहार किसी भी हालत में न हो।

3. इन निर्देशों के उल्लंघन के मामले शासन या वरिष्ठ अधिकारियों के ध्यान में आने पर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(व्ही.के. राय)
उपसचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्र.- एफ 13-1/2008/1-3 रायपुर, दिनांक 24 जुलाई, 2008

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, छ.ग. राजस्व मंडल, बिलासपुर
समस्त संभागीय आयुक्त
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त कलेक्टर्स,
छत्तीसगढ़

विषय :- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के झूठे (फर्जी/गलत) प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने वाले शासकीय सेवकों के विरुद्ध कार्यवाही ।

संदर्भ :- इस विभाग का परिपत्र क्र. एफ 13-3/2006/1-3 /दिनांक 15 जून, 2007.

उपर्युक्त विषयांकित संदर्भित परिपत्र के पैरा-2 में निम्नानुसार निर्देश है :-

1. "यदि किसी सरकारी कर्मचारी के संबंध में यह पाया जाता है कि वह भर्ती नियमों इत्यादि के अनुसार सेवा में प्रारंभिक भर्ती के लिए योग्य नहीं था अथवा उसने नौकरी पाने के लिए गलत सूचना दी थी या गलत प्रमाण पत्र दिया था तो उसे सेवा में नहीं रखा जाना चाहिए। यदि वह परिवीक्षाधीन अथवा अस्थायी सरकारी कर्मचारी है तो उसे कार्यमुक्त कर देना चाहिए अथवा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जानी चाहिए। यदि ऐसा व्यक्ति स्थायी सरकारी कर्मचारी बन गया है तो उसके विरुद्ध विभागीय जांच की जानी चाहिए और यदि उस पर लगे आरोप साबित होते हैं तो उसे सेवा से हटा देना चाहिए या बरखास्त कर देना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में ऐसे व्यक्ति पर इसके अतिरिक्त कोई और शास्ति नहीं लगाई जानी चाहिए।"

2. माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्माण ए.आई.आर. 1995 एस.सी. 94 माधुरी पाटिल बनाम एडीशनल कमिश्नर ट्राईबल डेव्हलपमेंट तथा ए.आई.आर. 1995 एस.सी. 1506 डायरेक्टर ट्राईबल बेलफेयर बनाम लावेतिगिरी में समस्त राज्य सरकारों को दिए दिशा निर्देश के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गलत जाति प्रमाण पत्रों की जॉच हेतु प्रमुख सचिव/ सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की अध्यक्षता में जाति प्रमाण पत्र उच्च स्तरीय छान-बीन समिति गठित की गई है उक्त समिति माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देश के तहत जाति प्रमाण पत्र के संबंध में जॉच करने हेतु सक्षम प्राधिकार है समिति द्वारा संबंधित को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए गलत/फर्जी पाए जाने पर जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने संबंधी निर्णय पारित किया जाता है जिसका पालन एवं तदनुसार कार्यवाही किया जाना समस्त संबंधितों के लिए अनिवार्य है।

3. उच्च स्तरीय छान-बीन समिति का निर्णय रजिस्टर्ड डाक से नियोक्ता, आरोपी एवं अन्य समस्त संबंधियों को प्रेषित किया जाता है, परंतु कई नियोक्ता द्वारा फर्जी/ गलत जाति प्रमाण पत्र धारक के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही नहीं की जाती तथा उनके विरुद्ध अपने विभागीय नियमों के तहत् अनुशासनात्मक कार्यवाही आदि की प्रकिया अपनाई जाती है, जिससे संबंधित व्यक्ति अपात्र होने पर भी सेवा का अवांछित लाभ इस दीर्घ प्रक्रिया में लगने वाले समय में उठाता रहता है, जो कि उचित नहीं है।

4. जाति प्रमाण पत्र उच्च स्तरीय छानबीन समिति के द्वारा निर्णय पारित होने के उपरांत की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्माण/न्याय दृष्टांत ए.आई.आर. 1995 एस.सी. 94 माधुरी पाटिल बनाम एडीशनल कमिश्नर ट्राईबल डेव्हलमेंट तथा ए.आई.आर. 1995 एस.सी. 1506 डायरेक्टर ट्राईबल वेलफेयर बनाम लावेतिगिरी में यह स्पष्ट निर्देश है कि संबंधित नियोक्ता दोषी को बिना कोई नोटिस जारी किए, निर्णय की प्रति प्राप्त होते ही तत्काल नियुक्ति निरस्त करेगा। इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय की डिवीजनल बेंच के निर्णय/ न्याय दृष्टांत ए.आई. आर. 2007 एस.सी. 1126 सुपरिन्टेन्डेंट आफ पोस्ट आफिस बनाम आर. बालसिना बाबू में भी यह निर्धारित किया है कि यदि कोई कर्मचारी धोखाधड़ी से गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति हासिल कर लेता है, तो उसकी बर्खास्तगी के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही की कोई आवश्यकता नहीं है।

5. अतः माननीय उच्चतम न्यायलय के उपयुक्त निर्णयों के प्रकाश में यह निर्देशित किया जाता है कि ''जाति प्रमाण पत्र उच्च स्तरीय छान-बीन समिति'' के जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिये जाने की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित फर्जी/ गलत जाति प्रमाण पत्र धारक की नियुक्ति को निरस्त करते हुए उसकी सेवायें तत्काल समाप्त की जाय, इसके लिए किसी विभागीय जाँच या अन्य जाँच की आवश्यकता नहीं।

यह निर्देश अधीनस्थ कार्यालयों को भी पृष्ठांकित किये जायें तथा उपरोक्त निर्देशों का पालन किया जाये।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(व्ही.के. राय)
उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्र.- एफ 13-1/2008/1-3 रायपुर, दिनांक 19 अगस्त, 2008

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, छ.ग. राजस्व मंडल, बिलासपुर
समस्त संभागीय आयुक्त
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त कलेक्टर्स,
छत्तीसगढ़

विषय : - अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के झूठे (फर्जी/गलत) प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति करने वाले शासकीय सेवकों के विरुद्ध कार्यवाही ।

संदर्भ :- इस विभाग का परिपत्र क्र. एफ 13-3/2006/1-3 दिनांक 24 जुलाई, 2008.

उपर्युक्त विषयांकित संदर्भित परिपत्र के पैरा-5 में निम्नानुसार निर्देश जारी किये गये है :-

1. ''जाति प्रमाण पत्र उच्च स्तरीय छानबीन समिति के जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिये जाने की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित फर्जी / गलत जाति प्रमाण पत्र धारक की नियुक्ति को निरस्त करते हुए उसकी सेवायें तत्काल समाप्त की जाय, इसके लिए किसी विभागीय जांच या अन्य जांच की आवश्यकता नहीं है'' ।
2. उपरोक्त निर्देश के क्रम में स्पष्ट किया जाता है कि किसी प्रकरण में किसी माननीय न्यायालय को कोई स्थगन या अन्य आदेश है तो माननीय न्यायालय के आदेश का पालन किया जायेगा ।
3. यह परिपत्र अधीनस्थ कार्यालयों को भी पृष्ठांकित किया जाय तथा उपरोक्त निर्देश का पालन किया जावे ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
हस्ता.

(एम.एम. मिंज)
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्र. -1299/72/2010/1-3 रायपुर, दिनांक 15 नवम्बर 2010

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, छ.ग. राजस्व मंडल, बिलासपुर
समस्त संभागायुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत,
छत्तीसगढ़

विषय : - अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / एवं अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में संशोधन।

माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ, ग्वालियर द्वारा रिट याचिका क्रमांक 5664/05 (PIL) में पारित आदेश दिनांक- 07.10.2006 के पालन में राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किए जाते हैं कि महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दिनांक- 10 अगस्त, 1950 को संविधान के अनुच्छेद 341 व 342 के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के लिए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की सूची जो मध्यप्रदेश राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 द्वारा संशोधित की गई है, में प्रविष्टि क्रमांक- 20,23,33, 34 एवं 35 पर अंकित जनजातियों के ऐसे व्यक्ति / परिवार जो अविभाजित मध्यप्रदेश के अंतर्गत मूलतः मध्यप्रदेश से संबंध रखते हैं किन्तु मध्यप्रदेश पुर्नगठन अधिनियम 2000 के लागू होने के पूर्व से पुनर्गठित छत्तीसगढ़ राज्य के क्षेत्र के अंतर्गत स्थाई रुप से बस गये है और वर्तमान में निरन्तर छत्तीसगढ़ राज्य में निवासरत् है को जाति प्रमाण पत्र उसी प्रकार जारी किए जाएंगे जिस प्रकार मूलतः छत्तीसगढ़ के निवासी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं।

2/ उक्त जातियों के व्यक्तियों को जाति प्रमाण-पत्र जारी करते समय समस्त सक्षम प्राधिकारी प्रत्येक आवेदक के स्थाई निवासी के संबंध में गुणदोष के आधार पर परीक्षण करे-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(एल.डी. चोपड़े)
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

02. छत्तीसगढ़ राजपत्र में अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों के संदर्भ में प्रकाशित राज्य शासन के आदेश

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत, क्रमांक जी. 2-22- छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि.से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक - रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 2 जुलाई 2010- आषाढ़ 11, शक 1932

विषय -सूची

भाग 1- (1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2- स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं,

भाग 3- (1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं

भाग 4 - (क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरः स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग-1

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 जून 2010

क्रमांक ई. 01-01/2010/1/2- श्री तपेश झा, (भा.व.से.), वन संरक्षक, रायपुर की सेवायें वन विभाग से लेते हुए पर्यटन विभाग की प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पद पर पदस्थापना हेतु सौंपी जाती है.

श्री तपेश झा द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर श्री सुब्रत साहू, भा.प्र.से. (1992), सचिव, खेल एवं युवक कल्याण, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. पर्यटन मण्डल केवल प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रभार से मुक्त होंगे

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

पी.जॉय उम्मेन, मुख्य सचिव

छत्तीसगढ़ राजपत्र, दिनांक 2 जुलाई 2010

Raipur, the 2nd June 2010

F.No. 5656/ D- 1264/XXI-B/C.G./2010- In compliance with the directions issued by the Hon'ble Supreme Court in Writ Petition (C) No. 1022 of 1989, All India Judges Association Vs Union of India and other dated 07-10-2009, the State of Chhattisgarh, hereby, makes the following further amendment in the department's order No. 13040/ XXI-B/ C.G./06, dated 31st October, 2006 namely :-

AMENDMENT

In the said order, -

In para(12), for the words " Special Allowance" wherever they occur the words " Special Pay" shall be substituted.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

आर.एस. शर्मा, प्रमुख सचिव.

उच्च शिक्षा विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह, भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 8 जून 2010

क्रमांक 3005/1265/2010/38-2.- राज्य शासन एतद् द्वारा छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 (6) में प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत इस अधिनियम के अधीन ऐसे प्रयोजनों के लिये सक्षम प्राधिकारी के कार्यों के निर्वहन के लिये सक्षम प्राधिकारी के रूप में राज्य शासन को विनिर्दिष्ट किया जाता है .

2. यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावशील होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

जे.एस. दीक्षित, उप सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 मई 2010

क्रमांक /एफ 10-16/25-3/09/आजावि. - राज्य शासन एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की पिछड़ा वर्ग की सूची में अनुक्रमांक 30 पर अंकित ''गारपगारी, नाथ-जोगी, जोगीनाथ, हरिदास'' के पश्चात् ''नाथयोगी'' स्थापित करता है .

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप-सचिव.

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत, क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि.से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 30 रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 23 जुलाई 2010- श्रावण 1, शक 1932

विषय -सूची

भाग 1- (1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2- स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं,

भाग 3- (1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं

भाग 4 - (क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरः स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग 1

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 12 जुलाई 2010

क्रमांक ई 1-1/2010/1/2 - श्री यशवंत कुमार, भा.प्र.से. (2007) अनुविभागीय अधिकारी.....रायगढ़ की सेवाएं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया के पद पर पदस्थापना हेतु सौंपी जाती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

सरजियस मिंज, अपर मुख्य सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 3 जुलाई 2010

क्रमांक /एफ- 1-5/25-2/2003/आजावि. - वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 13 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड में, अधिनियम की निम्नांकित धाराओं के तहत समक्ष में अंकित व्यक्तियों को सदस्य नियुक्त करता है.

क्र.	वक्फ अधिनियम की धारा	नाम व्यक्ति जिसे नियुक्त किया जाता है
1.	धारा 14 (1) (ख) (ii)	श्री मोहम्मद अकबर, विधायक, के.के. रोड, मौदहापारा, रायपुर
2.	धारा 14 (1) (ख) (ii)	श्री बदरूद्दीन कुरैशी, विधायक, भिलाई नगर
3.	धारा 14 (1) (ख) (iii)	श्री फैजल रिजवी, अधिवक्ता, इंडियन काफी हाउस के पीछे, जी.ई.रोड, रायपुर
4.	धारा 14 (3) (धारा 14 (5) की पूर्ति हेतु)	श्री शाहिद हुसैन, अधिवक्ता, गोलछा काम्पलेक्स, सी/103, नलघर चौक, रायपुर

2. यह अधिसूचना दिनांक 20 जुलाई, 2010 से प्रभावशील होगी.

रायपुर, दिनांक 3 जुलाई 2010

क्रमांक /एफ -10-17/25-3/2009/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 39 में सम्मिलित "कुरमी, कुरमार, कुनबी, कुर्मी, पाटीदार (कुलमी, कुल्मी, कुलम्बी), कुर्मवंशी, चन्द्रकार, चंद्रनाहू, कुंभी, गवैल (गमैल) सिरवी" के पश्चात् "कुन्बी" को स्थापित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप- सचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 23 जून 2010

क्रमांक /एफ 5-23/2004/10-2. - राज्य शासन एतद् द्वारा विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 24-7-2009 की कंडिका 13 तथा 14 के स्थान पर निम्नानुसार कंडिका प्रतिस्थापित करता है :-

13 (1) राज्य कैम्पा का शासी निकाय निम्नानुसार होगा :-

(i)	माननीय मुख्यमंत्रीजी	-	अध्यक्ष
(ii)	माननीय वन मंत्रीजी	-	सदस्य
(iii)	माननीय वित्त मंत्रीजी	-	सदस्य
(iv)	मुख्य सचिव	-	सदस्य
(v)	अतिरिक्त मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, वन	-	सदस्य सचिव
(vi)	प्रमुख सचिव, वित्त	-	सदस्य

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत, क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि.से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 39 रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 24 सितम्बर 2010- आश्विन 2, शक 1932

विषय -सूची

भाग 1- (1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2- स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं,

भाग 3- (1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं , (2) सांख्यिकीय सूचनाएं

भाग 4 - (क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरः स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम,(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग 1
राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 9 सितम्बर 2010

क्रमांक एफ 4-2/2010/1/एक - राज्य शासन एतद् द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री टी.पी. शर्मा, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर को दिनांक 09 अगस्त 2010 से 13 अगस्त 2010 तक (05 दिन) का पूर्ण वेतन भत्ता सहित अर्जित अवकाश की .....तथा अवकाश पूर्व दिनांक 07 एवं 08 अगस्त 2010 तथा अवकाश पश्चात् 14 एवं 15 अगस्त 2010 का सार्वजनिक अवकाश .....अनुमति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी.एल. सोनी, अवर सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 27अगस्त 2010

क्रमांक / एफ- 10-2/25-2/09/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 60 में सम्मिलित ''मोवार'' के पश्चात् ''मौवार'' को स्थापित करता है.

रायपुर, दिनांक 27 अगस्त 2010

क्रमांक /एफ -10-14/25-2/10/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछडा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 20 में सम्मिलित '' धोबी, बट्ठी, बरेठा, रजक'' के पश्चात् '' बरेठ'' को स्थापित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप- सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 9 सितम्बर 2010

क्रमांक /एफ -10-26/2010/16. - भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तें विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा 11 नियम, 2 (ज) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद् द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम की धारा 11 एवं नियम, 14 के अधिकारों के प्रयोजनार्थ निम्नांकित अधिसूचना जारी करता है :-

''सचिव, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, जो उप श्रमायुक्त से निम्न श्रेणी का न हो, उपकर निर्धारण हेतु अपीलीय प्राधिकारी होगा''

उपरोक्त अधिसूचना प्रकाशन की तारीख से प्रभावशील होगा.

रायपुर, दिनांक 9 सितम्बर 2010

क्रमांक /एफ -10-27/2010/16. - भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तें विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा 62 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियम, 2008 के नियम 210 (1) (ज) (1) में '' उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा या सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा'' अंतर्स्थापित किया जाता है.

उपरोक्त अधिसूचना प्रकाशन की तारीख से प्रभावशील होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के.डी. कुंजाम, उप- सचिव.

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत, क्रमांक जी. 2-22- छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि.से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 40 रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 1 अक्टूबर 2010- आश्विन 9, शक 1932

विषय -सूची

भाग 1- (1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2- स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं,

भाग 3- (1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं

भाग 4 - (क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरः स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम, (ग)(1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग 1
राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 10 सितम्बर 2010

क्रमांक ई. 01-01/2010/एक/2.- डॉ. बी.एस. अनन्त, भा.प्र.से.(1993),आयुक्त, आदिवासी विकास, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम, तथा संचालक, आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक आयुक्त, सह-संचालक, पंचायत एवं समाज सेवाएं के पद पर पदस्थ किया जाता है. साथ ही उन्हें. सचिव, वन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है .

2. श्रीमती निहारिका बारिक, भा.प्र.से (1997) कलेक्टर, महासमुन्द को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर के पद पर पदस्थ किया जाता है. साथ ही उन्हें संचालक, तकनीकी शिक्षा एवं संचालक, राज्य साक्षरता मिशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है .

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 14 सितम्बर 2010

क्रमांक /एफ- 10-11/25-2/10/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 68 में सम्मिलित ''रजभर'' के पश्चात् ''राजभर'' को स्थापित करता है.

रायपुर, दिनांक 14 सितम्बर 2010

क्रमांक /एफ -10-13/25-2/10/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 39 में सम्मिलित '' कुरमी, कुरमार, कुनबी, कुर्मी, पाटीदार (कुलमी, कुल्मी, कुलम्बी) कुर्मवंशी, चन्द्राकर, चंद्रनाहू, कुंभी, गवैल (गमैल) सिरवी'' के पश्चात् '' चंदनाहू, चन्नाहू'' को स्थापित करता है.

रायपुर, दिनांक 14 सितम्बर 2010

क्रमांक /एफ -19-53/25-2/10/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 27 में सम्मिलित '' गुसाई, गोस्वामी'' के पश्चात् '' गोसाई'' को स्थापित करता है.

रायपुर, दिनांक 14 सितम्बर 2010

क्रमांक /एफ -19-54/25-2/10/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 01 में सम्मिलित ''अहीर, ब्रजवासी, गवली, गोली, जादव (यादव) बरगाही, बरगाह, ठेठवार, राउत, गोवारी (ग्वारी), गोवरा, गवारा, ग्वारा, गोवारी, महाकुल (राउत) महकुल, गोप, गवाली, लिंगायत'' के पश्चात् '' गोपाल'' को स्थापित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप- सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 22 सितम्बर 2010

क्रमांक /एफ -8-2/2009/16. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला सरगुजा के विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 05 भटगांव में उप निर्वाचन हेतु नियत मतदान की तिथि 01 अक्टूबर, 2010 दिन शुक्रवार को मतदान हेतु कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अंतर्गत आनेवाले कारखानों/ स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात दिनांक 01 अक्टूबर, 2010, दिन शुक्रवार को उक्त विधान सभा क्षेत्र में अवकाश घोषित किया जाता है.

2. ऐसे कारखाने जो सप्ताह में 07 दिन कार्य करते हैं वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश घोषित किया जाता है, साथ ही जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अन्तर्गत आते हैं उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाये.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के.डी. कुंजाम, उप -सचिव.

छत्तीसगढ़ शासन

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक अगस्त 2002

क्रमांक 4111/डी- 3136/3662/2002/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 01 में सम्मिलित ''राऊत गोवारी '' के पश्चात् ''रावत'' को तथा क्रमांक 33 (ब) पर सम्मिलित ''माली (सैनी), मरार'' के पश्चात् ''पटैल'' (हरदिहा मरार) को निम्नानुसार विवरण के साथ शामिल करने की स्वीकृति प्रदान करता है .

क्र.	जाति का नाम	जाति का परम्परागत व्यवसाय	कैफियत
1.	रावत	पशुपालन, दुग्ध विक्रय तथा जजमानी प्रथा के अंतर्गत गाय, बैल, भैस आदि पशु चराना	ब्राह्मण रावत तथा राजपूत रावत शामिल नही हैं.
	पटैल (हरदिहा मरार)	शाक- सब्जी उत्पादन व साग-भाजी तथा फूल उत्पादन व बागवानी	गाँव की मुखिया, पटेल पद तथा अघरिया-धाकड़ आदि अन्य जाति, जो पटेल उपनाम लिखते हैं शामिल नहीं हैं .

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए.के. द्विवेदी
सयुक्त सचिव
छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ शासन

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 08.09. 2004

क्रमांक 5971 /डी- 3136/25-2/2004/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 33 (अ) पर अंकित कांछी (कुशवाहा, शाक्य, मौर्य) कोयरी या कोइरी (कुशवाहा), पनारा, मुराई, सोनकर तथा कोहरी के आगे कोईर शब्द स्थापित करता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी.सी. पाण्डेय
विशेष सचिव (छत्तीसगढ़ शासन)

छत्तीसगढ़ शासन

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 27 अगस्त 2005

क्रमांक /डी- 5067/1109/2005/आजावि.- इस विभाग की अधिसूचना क्र./डी 3388 / 1109/ 2003/ आजावि- 31 जुलाई, 2003 के कैफियत कालम में अंकित ''यह जाति मुख्यतः रायगढ़ जिले में उड़ीसा राज्य से लगे सीमावर्ती क्षेत्र में निवासी करती है।'' को एतद द्वारा विलोपित किया जाता है . तदानुसार पिछड़े वर्ग की जातियों की सूची के सरल क्रमांक 90 में अंकित भूलिया- भोलिया जाति का विवरण निम्नानुसार पढ़ा जावे --

क्र.	जाति का नाम	जाति का परम्परागत व्यवसाय	कैफियत
1.	भूलिया- भोलिया	सूती कपड़ा बुनना	-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(देवेन्द्र सिंह)
विशेष सचिव (छत्तीसगढ़ शासन)

छत्तीसगढ़ शासन

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक.08 जुलाई 2009

क्रमांक /एफ- 10-3/25-3/2009/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 36में.सम्मिलित ''ठठेरा, कसार, कसेरा, तमेरा, तम्बटकर, ओटारी, ताम्रकार, तमेर, घड़वा, झारिया'' के पश्चात् ''कसेर'' को स्थापित करता है .

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
(डॉ. अनिल चौधरी)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
आ.जा. तथा अ.जाति विकास विभाग

क्रमांक /एफ- 10-3/25-3/2009/आजावि. - रायपुर दिनांक 08 जुलाई 2009

प्रतिलिपि :-

01. सचिव, लोक सेवा आयोग, छत्तीसग, रायपुर
02. शासन के समस्त विभाग,
03. समस्त विभागाध्यक्ष
04. समस्त आयुक्त छत्तीसगढ़
05. समस्त जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़
06. आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, रायपुर
07. समस्त परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, छत्तीसगढ़
08. समस्त सहायक आयुक्त / जिला संयोजक, आदिवासी विकास, छत्तसीगढ़
09. नियंत्रक, मुद्रक तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़, राजनांदगाँव की ओर अग्रेषित, कृपया असाधारण राजपत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें.

(डॉ. अनिल चौधरी)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
आ.जा. तथा अ.जाति विकास विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक सितम्बर, 2009

क्रमांक /एफ- 10-3/25-3/2009/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 23 में सम्मिलित ''गड़रिया, धनगर, कुरमार, हटगर, हटकर, हाटकार, गाड़री, धारिया, धोषी (गड़रिया) गारी, गायरी, गड़रिया (पाल बेघेले)'' के पश्चात् ''गड़ेरी'' को स्थापित करता है .

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
(डॉ. अनिल चौधरी)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन

क्रमांक /एफ- 10-3/25-3/2009/आजावि. - रायपुर दिनांक सितम्बर, 2009

प्रतिलिपि :-

01. सचिव, लोक सेवा आयोग, छत्तीसग, रायपुर
02. शासन के समस्त विभाग,
03. समस्त विभागाध्यक्ष
04. समस्त आयुक्त छत्तीसगढ़
05. समस्त जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़
06. आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, रायपुर
07. समस्त परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, छत्तीसगढ़
08. समस्त सहायक आयुक्त / जिला संयोजक, आदिवासी विकास, छत्तसीगढ़
09. नियंत्रक, मुद्रक तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़, राजनांदगाँव की ओर अग्रेषित, कृपया असाधारण राजपत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें.

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ शासन

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक सितम्बर, 2010

क्रमांक /एफ- 10-19/25-2/2010/आजावि. - राज्य शासन, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के सरल क्रमांक 44 में सम्मिलित ''लोनिया, लुनिया, औड़, ओड़े, ओड़िया, नौनिया, मुरहा, मुराहा, मुड़हा, मुड़ाहा'' के पश्चात् ''नुनिया, नोनिया'' को स्थापित करता है .

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
(डॉ. अनिल चौधरी)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन

क्रमांक /एफ- 10-19/25-2/2010/आजावि. - रायपुर दिनांक 22 सितम्बर, 2010

प्रतिलिपि :-

01. सचिव, लोक सेवा आयोग, छत्तीसग, रायपुर
02. शासन के समस्त विभाग,
03. समस्त विभागाध्यक्ष
04. समस्त आयुक्त छत्तीसगढ़
05. समस्त जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़
06. आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, रायपुर
07. समस्त परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, छत्तीसगढ़
08. समस्त सहायक आयुक्त / जिला संयोजक, आदिवासी विकास, छत्तसीगढ़
09. नियंत्रक, मुद्रक तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़, राजनांदगाँव की ओर अग्रेषित, कृपया असाधारण राजपत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें.

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन

भाग-3

01. अन्य पिछड़े वर्ग में क्रीमीलेयर के प्रति राज्य शासन के निर्देश एवं निर्धारित मापदण्ड

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल- 462004

क्रमांक एफ 7-26/93/आ.प्र./एक, भोपाल, दिनांक 30 जुलाई 1999

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, ग्वालियर,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश

विषय :- अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को जारी किए जाने वाले प्रमाण-पत्र क्रीमीलेयर के संबंध में निर्धारित मापदण्ड ।

संदर्भ :- सामान्य प्रशासन विभाग का समसंख्यक ज्ञापन दिनांक 8 मार्च 1994 तथा 22 जून, 1994।

संदर्भित पत्रों कृपया अवलोकन करें।

